हेरिटेज निगम की कार्रवाई

निगम की चार बीघा जमीन को कराया अतिक्रमण से मुक्त

जयपुर। नगर निगम हेरिटेज ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए आगरा रोड स्थित जामडोली योजना की करीब चार बीघा जमीन को अतिक्रमण मुक्त कर अपने कब्जे में ले लिया। इस संबंध में उपायुक्त लैण्ड श्रवण कुमार ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर जामडोली योजना में लैण्ड शाखा ने कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि शाखा को हेरिटेज निगम की जामडोली योजना की चार बीघा जमीन पर अस्थाई अतिक्रमण की सूचना मिली थी। जिस पर उपायुक्त लैण्ड शाखा के निर्देश पर उप नगर नियोजक राजेश कुमार शर्मा, सहायक नगर नियोजक शिवांगी अजमेरा ने अपनी टीम के साथ मौका मुआयना किया। इस पर योजना की जमीन पर अस्थाई अतिक्रमण पाया गया। जिसमें अतिक्रमियों द्वारा चारदीवारी और कच्चे निर्माण कर लिए गए थे। ऐसे में आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर उपायुक्त लैण्ड श्रवण कुमार के नेतृत्व में सतर्कता शाखा ने जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण को हटा दिया। इस दौरान योजना क्षेत्र की उबड़कृ खाबड़ खाली जमीन को भी समतल कर हेरिटेज निगम के कब्जे में ले लिया। कार्रवाई के दौरान शाखा के जेईएन ललित चौधरी, वरिष्ठ प्रारूपकार सौरभ लेखरा, पटवारी हेमलता पंवार और सतर्कता शाखा टीम और स्थानीय पुलिस बल भी मौजूद रहे।